साईं बाबा तेरा दर हो,
झुका चरणों में सर हो,
मेरे सजदो में असर हो,
तेरी रहमत की नजर हो,
इल्तजा इतनी सी अब,
सुन ले साईं नाथ
साईं नाथ मेरे साईं नाथ,
मेरे साईं नाथ साईं नाथ।।

तेरे दम पे जिंदा हूं,
तेरे दर पे मरू साईं,
हर जनम तेरे दर की,
सेवा मैं करूं साईं,
लाख गहरा हो गम का,
सागर ना डरु साईं,
हाथ तेरा सर पर हो,
तिनके से तरू साईं,
मेरे जज्बात में तुम हो,
मेरे दिन रात तुम हो,
मेरी हर बात में तुम हो,
मेरे हर साथ में तुम हो,
इल्तजा इतनी सी अब,
सुन ले साईं नाथ
साईं नाथ मेरे साईं नाथ,
मेरे साईं नाथ साईं नाथ।।

तेरे करम से बंजर में भी,
फसल लहराई,
मंजिले तेरे करम से,
अंधों को नजर आई,
नाम तेरा दिल की हर,
धड़कन में लिखा साईं,
हुकुम तेरे से,
मुर्दों ने जिंदगी पाई,
तेरा जोगी बन जाऊं,
नाम से तेरे खाऊं
सामने तुझको पाऊ,
पल तुझे भूल ना पाऊं
इल्तजा इतनी सी अब,
सुन ले साईं नाथ
साईं नाथ मेरे साईं नाथ,
मेरे साईं नाथ साईं नाथ।।

भेद ना जानूं मैं किस्मत की,
इन लकीरों का,
फैसला तेरे हाथों में,
मेरी तकदीरों का,
न हीं दौलत की भूख है,
न सपना जगीरो का,
सेवा भक्ति चाहूं और,
चाहूं संग फकीरों का,
मेरी आवाज में तुम हो,
मेरे हर सांज में तुम हो
मेरे हर राज में तुम हो,
मेरे आगाज में तुम हो,

इल्तजा इतनी सी अब,
सुन ले साईं नाथ
साईं नाथ मेरे साईं नाथ,
मेरे साईं नाथ साईं नाथ।।

साईं बाबा तेरा दर हो,
झुका चरणों में सर हो,
मेरे सजदो में असर हो,
तेरी रहमत की नजर हो,
इल्तजा इतनी सी अब,
सुन ले साईं नाथ
साईं नाथ मेरे साईं नाथ,
मेरे साईं नाथ साईं नाथ।।

यह भजन भजन डायरी एप्प,
द्वारा जोड़ा गया। आप भी अपना,
भजन यहाँ जोड़ सकते है।

भजन गायक सुरिंदर जोगिया,
मोबाईल 8289009924

Source: https://www.bharattemples.com/sai-baba-tera-dar-ho-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw